भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 1993

उत्तर देने की तारीख- 14/03/2022

उत्तर प्रदेश में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की निर्माण स्थिति

1993. श्री अक्षयवर लाल:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ग्राम बोजिया, ब्लॉक मिहिनुर्वा, जिला बहराइच, उत्तर प्रदेश में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के निर्मित भवन में शिक्षण कार्य आरंभ करने का विचार है;
(ख) उक्त विद्यालय में जनजातीय विद्यार्थियों का अध्ययन अध्यापन कब तक प्रारंभ करने का विचार है; और
(ग) यदि हां, तो इसके कब तक आरंभ होने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्रीमती रेणुका सिंह सरुता)

(क) से (ग): जी, हाँ। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) बोजिया, ईएमआरएस सौनहाखीरी के परिसर से पहले से ही कार्यशील है। ईएमआरएस बोजिया के कक्षा 6 से 8 तक के छात्र वर्तमान में सौनहाखीरी में पढ़ रहे हैं। राज्य ने सूचित किया है कि आदिवासी छात्रों का अध्ययन-अध्यापन बोजिया के स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2022-23 से अपने भवन अर्थात ग्राम बोजिया, ब्लॉक-मिहिनुर्वा, जिला बहराइच, यूपी में शुरू होने वाला है।

*****